<u>प्रभु नारायण राजकीय इण्टर कालेज,</u>

<u>रामनगर, वाराणसी</u>

प्रतिष्ठा में,

क्षेत्रीय अधिकारी
इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय कला केन्द्र क्षेत्रीय केन्द्र, वाराणसी

31.12.2016

विषय : दिसम्बर माह का रिपोर्ट।

महोदय,

प्रभु नारायण राजकीय इण्टर कालेज,रामनगर वाराणसी में स्थापित **''रामनगर की रामलीला''** व्याख्या केन्द्र के छात्रों का 21 दिसम्बर 2017 को शैक्षिक भ्रमण बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय में कराया गया। वहाँ छात्रों को राष्ट्रीय संस्कृति महोत्सव में चल रहे विभिन्न कार्यक्रमों से अवगत कराया गया। जैसे– भारत कला भवन में आयोजित आख्यान प्रदर्शनी, महामना कला वीथिका तथा अहिवासी कला वीथिका में प्रदर्शित चित्र प्रदर्शनी एवं स्वतन्त्रता भवन में आयोजित पेन्टिंग्स् तथा विभिन्न रंगारंग कार्यक्रमों को दिखाया गया। छात्रों के मार्गदर्शन हेतु श्री लाल बहादुर यादव स0अ0, श्री ललित नारायण स0अ0 एवं व्याख्या केन्द्र के एम0टी0एस0 श्री ब्रजेश सिंह छात्रों के साथ रहे। शैक्षणिक भ्रमण का कार्यक्रम व्याख्या केन्द्र के नोडल अधिकारी डा0 त्रिलोचन प्रधान के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ।

दिनांक 24.12.2016 को व्याख्या केन्द्र पर छात्रों के व्यक्तित्व विकास हेतु डा0 भीमराव अम्बेडकर पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, कुल 15 छात्रों ने प्रतिभाग किया, विद्यालय के वरिष्ठ प्रवक्ता श्री सुधीर कुमार, श्री रविशंकर पाण्डेय एवं सहायक अध्यापक डा0 एस0पी0सिंह निर्णायक मंडल में रहे। भाषण प्रतियोगिता में,छात्रों का भाषा ज्ञान,उच्चारण एवं विषय के प्रस्तुतीकरण के आधार पर वरीयता प्राप्त पाँच छात्रों का चयन किया गया।

माह के अन्तिम कार्य दिवस पर स्वच्छता अभियान के तहत छात्रों द्वारा विद्यालय परिसर में सफाई का कार्य सम्पन्न हुआ।

सम्पन्न कार्यक्रम का फोटो अवलोकनार्थ संलग्न है।

व्याख्या केन्द्रः रामनगर की रामलीला
Interpretation Centre: Ramleela of Ramnagar
इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र

भाषण प्रतियोगिता

शैक्षिक भ्रमण

आख्यान प्रदर्शनी में सुसज्जित कठपुतलियों का अवलोकन करते छात्र

श्री राजेन्द्र तड़ागी जी महाभारत के महत्त्वपूर्ण पात्रों से छात्रों को अवगत करा रहे हैं।

राजस्थान के काबड के विषय में जानकारी लेते छात्र

पट्टचित्रों का अवलोकन करते छात्र

मध्यप्रदेश के गोण्ड पेन्टिंग्स् का अवलोकन करते छात्र

प्राचीन ज्ञान संपदा से परिचित होते छात्र

दो सौ मीटर कैनवास पर अंकित महाभारत के विविध घटनाओं से परिचित होते छात्र

प्रदर्शनी में प्रदर्शित गंगा फिल्म का आनन्द लेते छात्र

महामना कला वीथिका में चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन करते छात्र

स्वतन्त्रता भवन में मुखौटा प्रदर्शनी का अवलोकन करते छात्र

स्वतन्त्रता भवन में आयोजित पेन्टिंस् प्रदर्शनी का अवलोकन करते छात्र

स्वतन्त्रता भवन का अवलोकन करते छात्र

भवदीय
मनोज कुमार
प्रधानाचार्य
प्र0ना0रा0इ0का0,रामनगर
वाराणसी